लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा **महाजन ने साउथ कोरिया की राष्ट्रपति से मुलाकात की**

सिओल (साउथ कोरिया), 30 सितंबर 2016 : लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने शुक्रवार को साउथ कोरिया की राष्ट्रपति सुश्री पार्क ग्युन-हे से मुलाकात की। इस दौरान श्रीमती महाजन ने पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को प्रश्रय दिये जाने पर भारत की ओर से की गई कड़ी जवाबी कार्रवाई की जानकारी दी। इस पर सुश्री पार्क ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रवैये का खुलकर समर्थन किया।

साउथ कोरिया के राष्ट्रपति भवन में हुई इस खास मुलाकात में दोनों **दे**श के बीच द्विपक्षीय बातचीत में विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई साथ ही आपसी संबंध और प्रगाढ़ करने पर दोनों ने जोर दिया। स्पीकर श्रीमती महाजन ने राष्ट्रपति सुश्री पार्क को भारत आतंकवाद के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाई की जानकारी देते हुये बताया कि किस तरह पाकिस्तान अपनी जमीन का उपयोग लगातार आतंकवादी गतिविधियों के लिये कर रहा है।

श्रीमती महाजन ने कहा कि भारत अहिंसा और शांति में विश्वास करता है लेकिन देश की सुरक्षा के हित में भारत अपनी शक्ति दिखाने से भी नहीं चूकेगा। सुश्री पार्क ने भारत के इस कड़े रूख का खुलकर

समर्थन करते हुये हर प्रकार के आतंकवाद की निंदा की। सुश्री पार्क ने कहा कि भारत और साउथ कोरिया आतंकवाद के खिलाफ साथ खड़े हैं।

प्रधानमंत्री की पिछले साल मई में साउथ कोरिया की य़ात्रा के दौराऩ हुए स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के मुद्दों पर प्रगति को लेकर भी स्पीकर श्रीमती महाजन से राष्ट्रपति सुश्री पार्क की चर्चा हुई । आर्थिक संबंधों सहित अन्य विषयों को लेकर बातचीत के दौरान यह बात भी उभरी कि साउथ कोरिया भारत के आर्थिक विकास के लिये नेचुरल पार्टनर है। दोनों नेताओं ने नार्थ-ईस्ट एशिया के सुरक्षा संबंधी मामलों पर भी चर्चा की। इस दौरान सुश्री पार्क ने नार्थ कोरिया द्वारा लगातार विकसित की जा रही एटामिक मिसाइल टेक्नालॉजी पर चिंता जताई । नार्थ कोरिया के पांचवें न्यूक्लियर टेस्ट पर भारत की प्रतिक्रिया को साउथ कोरिया ने एप्रशिएट किया।